भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †938
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद' योजना

†938. श्री कीर्ति आज़ादः
श्री के. सी. वेणुगोपालः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 'प्रसाद' (पीआरएएसएचएडी) योजना के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाओं के विकास होने और उनके पूरा होने में कोई देरी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विशेष रूप से केरल राज्य सहित राज्य-वार इसके क्या कारण हैं; और

(ख) इन परियोजनाओं को पूरा होने में कितना समय लगेगा?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय का उद्‌देश्य अपनी तीर्थस्थल जीर्णोद्‌धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत देश भर में पूर्व-चिन्हित धार्मिक और विरासत स्थलों पर अवसंरचना का विकास करना है। इस योजना के तहत, मंत्रालय इन स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। प्रशाद योजना के तहत मंत्रालय ने देश भर में 1605.20 करोड़ रु. की कुल 46 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें केरल में 45.15 करोड़ रु. की "गुरुवायूर मंदिर में विकास" नामक परियोजना शामिल है, जो कि पूर्ण हो चुकी है।

उक्त योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकार द्‌वारा कार्यान्वित की जाती हैं। प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं का विकास और समापन सफल निविदा प्रक्रिया, राज्य कार्यान्वयन एजेंसी की क्षमता, समय पर परियोजना की रुपरेखा और डिजाइनिंग, आवश्यक निर्माण संबंधी मंजूरी प्राप्त करने आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री कीर्ति आज़ाद एवं श्री के. सी. वेणुगोपाल द्वारा 'प्रसाद' योजना के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †938 भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**
आंध्र प्रदेश	1	अमरावती में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77
	2	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
	3	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वरी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04
अरुणाचल प्रदेश	4	परशुराम कुंड का विकास	2020-21	37.88
असम	5	कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80
बिहार	6	पटना साहिब में विकास	2015-16	29.62
	7	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63
छत्तीसगढ़	8	मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2020-21	48 .44
गुजरात	9	द्वारका का विकास	2016-17	13.08
	10	सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36
	11	सोमनाथ में सैरगाह का विकास	2018-19	47.12
	12	सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थयात्रा यात्री प्लाजा का विकास	2021-22	49.97
	13	अंबाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00
हरियाणा	14	माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारे का विकास	2019-20	48.53
जम्मू और	15	हजरतबल दरगाह में विकास	2016-17	40.46

कश्मीर				
झारखंड	16	बाबा बैद्यनाथधाम का विकास	2018-19	36.79
कर्नाटक	17	श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास	2023-24	45.71
केरल	18	गुरुवायूर मंदिर में विकास	2016-17	45.19
मध्य प्रदेश	19	अमरकंटक का विकास	2020-21	49.99
	20	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	43.93
महाराष्ट्र	21	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18
मेघालय	22	नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	29.29
मिजोरम	23	चितेवांग, जुआंगताई, रीक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	2022-23	44.89
नागालैंड	24	मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा के अवसंरचना का विकास	2018-19	25.20
	25	जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	18.18
ओडिशा	26	पुरी में अवसंरचना का विकास	2014-15	50.00
पंजाब	27	अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40
	28	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57
राजस्थान	29	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64
सिक्किम	30	चार संरक्षक संतों युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	33.32
तमिलनाडु	31	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
	32	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86
तेलंगाना	33	जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास	2020-21	38.90
	34	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	62.00
	35	भद्राचलम में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास	2022-23	41.38
त्रिपुरा	36	त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास	2020-21	34.43
उत्तर प्रदेश	37	वाराणसी का विकास - चरण -I	2015-16	18.73
	38	मथुरा-वृंदावन को मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप	2014-15	10.98

		में विकास (चरण-II)		
	39	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
	40	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
	41	वाराणसी का विकास चरण -II	2017-18	44.60
	42	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59
उत्तराखंड	43	केदारनाथ का एकीकृत विकास	2015-16	34.77
	44	बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.15
	45	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार	2021-22	54.36
पश्चिम बंगाल	46	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03
		कुल		**1605.20**

*****